उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक:– 10.04.2026**

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 10.04.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।

साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।



महोबा पुलिस — समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः- 10.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित

मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा के समस्त थानों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित विशेष अभियान के क्रम में आज दिनांक 10.04.2026 को जनपद महोबा में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उक्त कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में संपन्न कराए गए।

कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों एवं ग्राम/कस्बा क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उन्हें आश्वस्त किया गया कि किसी भी प्रकार की शिकायत, उत्पीड़न अथवा आपात स्थिति में पुलिस द्वारा त्वरित सहायता प्रदान की जाएगी।

पुलिस टीमों ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध एवं अन्य महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181 आदि एवं मिशन शक्ति केंद्रों की सेवाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए यह संदेश दिया गया कि वे किसी भी प्रकार की समस्या के संबंध में निडर होकर पुलिस से संपर्क करें।

जनपद महोबा पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम हेतु निरंतर सक्रिय एवं प्रतिबद्ध है।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:– 10.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) के तहत महिला सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता अभियान — महोबा पुलिस का संवेदनशील प्रयास-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में संचालित मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के उद्देश्य से विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएँ एवं संवाद सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में आज दिनांक 10.04.2026 को जनपद के समस्त थानों में नियुक्त मिशन शक्ति पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों/कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर छात्राओं, छात्रों एवं महिलाओं को आत्मरक्षा, उनके अधिकारों तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रमों के दौरान छात्राओं को 'गुड टच' व 'बैड टच' की पहचान, आत्मरक्षा के सरल उपाय तथा महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि) के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

### साइबर अवेयरनेस कैम्पेन — डिजिटल युग में सुरक्षा की ओर कदम-

मिशन शक्ति कार्यक्रम के साथ-साथ महोबा पुलिस द्वारा "साइबर अवेयरनेस कैम्पेन" भी संचालित किया जा रहा है। इसके तहत लोगों को साइबर अपराधों के प्रकार, उनसे बचाव के उपाय, साइबर फ्रॉड की पहचान, फेक लिंक/ओटीपी धोखाधड़ी से सतर्क रहने की जानकारी दी गई।


इस दौरान छात्र/छात्राओं को साइबर अपराध की शिकायत हेतु राष्ट्रीय हेल्पलाइन नम्बर 1930 एवं पोर्टल www.cybercrime.gov.in के माध्यम से शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर—

- 1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 – वीमेन पावर लाइन 181 – महिला हेल्पलाइन 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा 102 – गर्भवती महिलाओं/नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस सेवा 108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन 101 – अग्निशमन सेवा 1930 – साइबर हेल्पलाइन

### अभियान का उद्देश्य-

मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) एवं साइबर अवेयरनेस कैम्पेन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार करना, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना, डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना तथा समाज में महिला सम्मान की भावना को और अधिक सशक्त बनाना है।










उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:- 10.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा ने पुलिस लाइन में "शुक्रवार की परेड" की सलामी लेकर किया निरीक्षण, अनुशासन व एकरूपता पर दिया विशेष बल...।

आज दिनांक 10.04.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित "शुक्रवार की परेड" की सलामी ली गई। परेड का उद्देश्य पुलिस बल में अनुशासन, एकरूपता, शारीरिक दक्षता एवं टीम भावना को और अधिक सुदृढ़ करना रहा।

परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा समस्त अधि0/कर्मचारियों की ड्रिल का गहन निरीक्षण किया गया। परेड में कदमताल, ड्रिल मूवमेंट, टर्नआउट एवं एकरूपता की बारीकी से समीक्षा करते हुए महोदय द्वारा आवश्यक सुधारात्मक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

इस परेड में जनपद महोबा के विभिन्न थानों एवं समस्त शाखाओं में नियुक्त पुलिसकर्मी के साथ-साथ (RTC) प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु आरक्षी भी सम्मिलित हुए, जिन्होंने अनुशासन एवं समर्पण के साथ परेड में सहभागिता कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

परेड उपरांत थानों से आई डायल 112 (UP-112) वाहनों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान वाहनों की स्वच्छता, उपकरणों की उपलब्धता एवं कार्यक्षमता की गहन जांच की गई तथा संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।


परेड उपरांत पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा आदेश कक्ष में उपस्थित होकर सभी गार्द रजिस्टरों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी व्यवस्था, गार्द डिटेल एवं अभिलेखों के रखरखाव की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को ड्यूटी में सतर्कता, समयबद्धता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, अनुशासन एवं जनसेवा की भावना के साथ करने हेतु प्रेरित किया।









उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:- 10.04.2026
# महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

## थाना अजनर की पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 10.04.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अजनर श्री सुभाष चन्द्र द्वारा गठित उ0नि0 आकाश मौर्य मय हमराह कां0 हरीओम व म0कां0 ममता कुशवाहा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 56/2026 धारा 137(2)/87/65(1) BNS व 4(2) पॉक्सो एक्ट से सम्बन्ध 01 नफर वांछित अभियुक्त सुनील अहिरवार पुत्र रघ्घू उर्फ रघुवीर अहिरवार निवासी ग्राम रिवई थाना महोबकंठ जनपद महोबा को ग्राम मवइया थाना अजनर के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

सुनील अहिरवार पुत्र रघ्घू उर्फ रघुवीर अहिरवार निवासी ग्राम रिवई थाना महोबकंठ जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1. उ0नि0 आकाश मौर्य
2. कां0 हरीओम
3. म0कां0 ममता कुशवाहा



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 10.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा चौकी प्रभारी एवं हल्का प्रभारी के साथ गोष्ठी आयोजित, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने व अंबेडकर जयंती को सकुशल संपन्न कराने हेतु दिए गए निर्देश

आज दिनांक 10.04.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस लाइन महोबा स्थित सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह की उपस्थिति में जनपद महोबा में नियुक्त समस्त चौकी प्रभारी एवं हल्का प्रभारियों के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी के प्रारंभ में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सभी अधिकारियों के साथ परिचयात्मक चर्चा करते हुए उनका परिचय प्राप्त किया गया। इसके उपरांत जनपद की कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आगामी 14 अप्रैल को आयोजित होने वाली डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराए जाने के संबंध में विस्तृत बिंदुवार निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी जुलूस एवं जनसभाओं के दृष्टिगत पूर्व से ही रूट मार्च/भ्रमण किया जाए, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा संभ्रांत नागरिकों से संवाद स्थापित कर समन्वय बनाए रखा जाए। साथ ही अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखते हुए संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण कर लिया जाए।

इसी क्रम में शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध "जीरो टॉलरेंस" की नीति अपनाने, प्रभावी जनसुनवाई सुनिश्चित करने, आमजन के साथ विनम्र व्यवहार रखने तथा अपराधियों के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त होने वाले प्रत्येक प्रार्थना पत्र को स्वयं संज्ञान लेकर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें तथा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करें। लंबित विवेचनाओं की नियमित समीक्षा करते हुए उनका शीघ्र निस्तारण किया जाए एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जाए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि एकपक्षीय कार्यवाही से बचते हुए निष्पक्षता बनाए रखें, क्षेत्र में सुदृढ़ मुखबिर तंत्र विकसित करें तथा सूचनाओं का प्रभावी संकलन करें। साथ ही क्षेत्र के शातिर अपराधियों का सत्यापन कर उनकी गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जाए।

गोष्ठी के अंत में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सभी अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी, निष्ठा एवं समर्पण के साथ करें। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा।

